लोक सभा ने भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 07 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सभा की अध्यक्षता करते हुए भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री बिरला ने कहा:

"अत्यंत दुख के साथ मैं सदन को राज्य सभा की पूर्व माननीय सांसद एवं भारत रत्न लता मंगेशकर जी के निधन के बारे में सूचित कर रहा हूं।

देश और दुनिया भर में सुरों की मल्लिका के रूप में प्रसिद्ध लता मंगेशकर जी का देहावसान दिनांक 6 फरवरी 2022 को 92 वर्ष की अवस्था में हुआ।स्वर कोकिला के नाम से विश्व विख्यात लता मंगेशकर जी ने लगभग सभी भारतीय भाषाओं में 25000 से अधिक गीत गाए। उनकी विलक्षण प्रतिभा को उनके जीवन पर्यंत विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

लता जी द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए उनके योगदान को देखते हुए वर्ष 2000 में उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। फिल्म जगत से जुड़े अनेक पुरस्कारों के अतिरिक्त वर्ष 1969 में उन्हें पद्म भूषण वर्ष 1989 में दादा साहेब फाल्के सम्मान वर्ष 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया, साथ ही फ्रांस ने वर्ष 2009 में उन्हें अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया।

नवंबर 1999 से नवंबर 2005 तक उन्होंने राज्य सभा के मनोनीत सदस्य के रूप में राष्ट्र को अपनी सेवाएं प्रदान की। भारत की स्वतंत्रता के स्वर्ण जयंती के अवसर पर संसद भवन के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में उनका गीत "सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा" हम सभी की स्मृति में सदा के लिए अंकित है।

लता जी ने लता मंगेशकर मेडिकल फाउंडेशन की स्थापना की। इस चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के रोगियों को निशुल्क सेवाएं प्रदान की । उन्होंने विद्यार्थियों की सहायता एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए अपने पिता की स्मृति में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान की भी स्थापना की।

उनके निधन से संगीत, कला और संस्कृति जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। राष्ट्रीय शोक की इस घड़ी मैं अपनी ओर से और सभा की ओर से दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि हार्दिक अर्पित करता हूं तथा शोक संतप्त परिवार जनों एवं प्रशंसकों के प्रति भी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।"